प्रादेशिक समाचार
दिनांक–28.03.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पिछले एक महीने से पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण कई देशों में भोजन, पेट्रोल–डीजल, गैस और उर्वरक जैसी आवश्यक वस्तुओं की कमी हो रही है लेकिन संकट के इस दौर में भी भारत ने अपनी तीव्र विकास गति को बनाए रखा है।

प्रधानमंत्री आज उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर जिले के जेवर में नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण के उद्‌घाटन के मौके पर देशवासियों को संबोधित कर रहे थे। श्रीमोदी ने कहा कि नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा देश की सबसे बड़ी ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा परियोजनाओं में से एक है।

****

उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन झारखंड के एकं दिन के दौरे पर हैं। वे आज सुबह खूंटी के उलिहातु गांव पहुंचे जहां भगवान बिरसा मुंडा की जन्मभूमि पर उनका भव्य स्वागत किया गया। उपराष्ट्रपति ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने बिरसा मुंडा के वंशज सुखराम मुंडा को भी सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि कश्मीर से कन्याकुमारी तक के लोग भगवान बिरसा मुंडा के बलिदान पर गर्व करते हैं। उपराष्ट्रपति अभी अभी रांची स्थित लोकभवन पहुंच चुके हैं। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने उनका स्वागत किया। इसके बाद उपराष्ट्रपति आईआईएम, रांची के 15वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे और मेधावी छात्रों को सम्मानित करेंगे।

****

उपराष्ट्रपति के प्रस्तावित दौरे को लेकर राजधानी रांची की ट्रैफिक व्यवस्था में आज बड़े बदलाव किए गए हैं। शाम 7 बजे तक शहर में मालवाहक वाहनों और बसों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध रखा गया है। हिनू, बिरसा और अरगोड़ा चौक समेत प्रमुख मार्गों पर वाहनों का परिचालन जरूरत के अनुसार डायवर्ट किया जा सकता है। इसके अलावा सुरक्षा के भी व्यापक प्रबंध किये गये हैं।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 132वीं कड़ी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, एआईआर न्यूज़ वेबसाइट और न्यूज़ऑनएयर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी क्षेत्रीय भाषाओं में भी कार्यक्रम का प्रसारण होगा।

****

लोहरदगा के भक्सो कोयल नदी पर बने रेलवे ब्रिज संख्या 115 की मरम्मत के बाद आज से रांची–लोहरदगा पैसेंजर ट्रेन सेवा फिर से शुरू हो गई है। करीब 90 दिनों तक परिचालन बंद रहने के बाद, कल सफल ट्रायल रन पूरा किया गया। इस सेवा के शुरू होने से दैनिक यात्रियों और व्यापारियों को आवागमन में बड़ी सुविधा होगी।

****

धनबाद जिला प्रशासन की ओर से नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से हैप्पी स्ट्रीट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शहरवासियों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर उपायुक्त आदित्य रंजन ने कहा कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे की लत से दूर रखना और समाज में सकारात्मक बदलाव लाना है।

****

रायपुर में जारी प्रथम खेलो इंडिया जनजातीय खेलों में झारखंड के खिलाड़ियों का विजय अभियान जारी है। तैराकी प्रतियोगिता के 50 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक इवेंट में प्रिया उरांव ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए राज्य की झोली में कांस्य पदक डाला। वहीं, हॉकी के मैदान पर झारखंड की पुरुष टीम ने जबरदस्त आक्रामकता दिखाते हुए आंध्र प्रदेश को 19–1 से करारी शिकस्त दी। यह इस प्रतियोगिता में झारखंड की लगातार दूसरी बड़ी जीत है।

****